कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलक्टर, दौसा

H SINGH CORRESPONDENCE ADD:- ROOM NO. 118 BLOCK NO.1, CGO COMPLEX, LODHI ROAD, NEW DELHI 110003

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, अति0 जिला कलक्टर दौसा, जिला दौसा।

अपील सं0 15/2021

<u>निर्णय</u> दिनांक : 15.04.2021

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, अति0 जिला कलक्टर दौसा, जिला दौसा से सूचना का अधिकार अधिनियम-2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर वॉछित सूचना/नकल हेतु ऑनलाईन आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वॉछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इसी से पीडित होकर यह ऑनलाईन अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई । लोक सूचना अधिकारी, अति जिला कलक्टर दौसा को ऑनलाईन प्राप्त पत्रों की छाया प्रति प्रेषित कर संबंधित को वॉछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जॉच टिप्पणी मॅंगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली के अवलोकन से प्रकट होता है कि अपीलांट द्वारा चाही गई सूचना लोक सूचना अधिकारी, अति जिला कलक्टर दौसा, जिला दौसा से संबंधित है। आवेदक द्वारा इस न्यायालय में ऑनलाईन अपील प्रस्तुत करने पर लोक सूचना अधिकारी, अति जिला कलक्टर दौसा, जिला दौसा को इस कार्यालय के पत्रांकःडीएम/कोर्ट/2021/1001 दिनांक 23.3.2021 एवं स्मरण पत्रांकः डीएम/कोर्ट/2021/1069 दिनांक 01.04.2021 द्वारा पत्र जारी कर प्रार्थी को वांछित सूचना उपलब्ध कराते हुए रिपोर्ट मय टिप्पणी चाही गई। लोक सूचना अधिकारी, अति जिला कलक्टर दौसा से प्राप्त पत्रांकः आरटीआई/2021/334 दिनांक 06.04.2021 द्वारा अवगत करवाया गया कि प्रभारी अधिकारी डी0एम कोर्ट कलेक्ट्रेट दौसा द्वारा उनके पत्रांक 1074 दिनांक 05.04.2021 द्वारा आवेदक को सूचना दे दी गई है। परन्तु उपतहसीलदार सैंथल से सूचना अप्राप्त है। अपीलांट द्वारा चाही गई सूचना/नकल बिन्दु संख्या 1,3,4,5 के संबंध मे अपीलांट को सूचना की वस्तुस्थिति से अवगत करवाया जा चुका है एवं बिन्दु संख्या 02 के संबंध मे लोक सूचना अधिकारी उपतहसीलदार सैंथल से कोई जबाब प्राप्त नही होने से स्पष्ट होता है कि अपीलांट को बिन्दु सं0 2 की सूचना उपलब्ध नही करवाई गई है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट आंशिक स्वीकार योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट आंशिक स्वीकार की जाती है। लोक सूचना अधिकारी, उपतहसीलदार सैंथल जिला दौसा को निर्देश दिये जाते है कि अपीलांट को वॉछित सूचना/नकल आदेश प्राप्ति के 07 दिवस के भीतर नियमानुसार उपलब्ध करावें। संबंधित को निर्णय की प्रति प्रेषित करें। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भण्डार हो।

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

(पीयुष समारिया)
जिला कलक्टर, दौसा